Lecture No.-04/04-11-2020

Abnormal Psy.

Dr. Sunil Kr. Suman
Assistant Professor (Guest)
Dept. of Psychology
D.B. College Jamalpur
L.N.M.U. Darbhanga

Study material
B.A. Part-II (H)
Paper-III
Date-4-11-20

Psychological Assesment of Psychopathology

Interview

मनोवैज्ञानिक मूल्यांकन (Psychological assesment) का एक अति उत्तम तरीका नैदानिक साक्षात्कार (Clinical Interview) है जिसमें एक आमने सामने की परिस्थिति में रोगी या क्लाईंट से बातचीत करके विश्लेषक या साक्षात्कारकर्ता एक अनुमान लगाते हैं। बिंघम एवं मूर (Bingham and Moore, 1924) ने नैदानिक साक्षात्कार को एक उद्देश्य के साथ किया गया बातचीत (Conversation with a purpose) कहा है। ऐसे साक्षात्कार में साक्षात्कारकर्ता क्लाईंट से समस्या के बारे में बातचीत करते हैं और वे न केवल क्लाईंट क्या कहता है, बल्कि कैसे कहता है उसका तौर-तरीका, आवाज का स्तर, शारीरिक मुद्रा (Bodily Posture) तथा नेत्र सम्पर्क की मात्रा आदि के बारे में महत्वपूर्ण सूचना प्राप्त करता है और क्लाईंट की समस्या के बारे में महत्वपूर्ण सूचना इकट्ठा करता है। कोई भी नैदानिक साक्षात्कार को अधिक से अधिक सूचनात्मक (Informative) होने के लिए यह आवश्यक है कि क्लाईंट साक्षात्कारकर्ता को सहयोग प्रदान करने वाला, आत्म-प्रकटीकरण (Self-disclosure) के लिए प्रोत्साहित करने वाला तथा संवेगिक रूप से स्वस्थ व्यक्ति के रूप में महत्वपूर्ण हैं —

नैदानिक साक्षात्कार कई कारणों से मूल्यांकन का काफी लोकप्रिय साधन के रूप में प्रयोग किया जाता है। इनमें से निम्नांकित तीन कारण महत्वपूर्ण हैं —

(1). नैदानिक साक्षात्कार द्वारा नैदानिक मनोवैज्ञानिक क्लाईंट के साथ एक ऐसी परिस्थिति में बातचीत करता है जो साधारण सामाजिक अन्तःक्रिया

Ajanta PRODUCTS Oxford

Scanned with CamScanner

का अनुकूल रूप होता है, अतः इसमें एक ही साथ शाब्दिक तथा अशाब्दिक (nonverbal) दोनों तरह के व्यवहारों के बारे में सूचना एकत्रित हो जाता है।

(ii). वैयक्तिक साक्षात्कार को कहीं भी आसानी से सम्पन्न किया जा सकता है।

(iii). वैयक्तिक साक्षात्कार की तुलना में और कोई भी दूसरी प्रविधि अधिक लचीला (flexible) नहीं है।

वैयक्तिक साक्षात्कार दो प्रकार के होते हैं -

(1). संरचित साक्षात्कार (structured interview)

(2). असंरचित साक्षात्कार (unstructured interview)

इन दोनों का वर्णन निम्नांकित है -

Next class

Scanned with CamScanner